डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

संख्याःशैक्षिक/87 /22
दिनांकः 21-01-2023

अधिसूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र संख्या ई–8339/32–जी0एस0/2022–XIV दिनांक 22 दिसम्बर 2022 के अनुपालन में विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न क्षेत्रों/पाठयक्रमों में अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार एंव रैकिंग सुधार हेतु आगामी 10 वर्षो के लिये एक ''विजन–डॉक्यूमेंट'' विभिन्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं/तथ्यों को छात्रहित में दृष्टिगत रखते हुये विश्वविद्यालय स्तर पर अविलम्ब तैयार किये जाने हेतु आपके अमूल्य सुझाव आमंत्रित किये जाते है।

सलंग्नक–यथोपरि।

कुलसचिव

संख्याःशैक्षिक/125 /2022

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. माननीय कार्यपरिषद सदस्यगण।
2. प्रति– कुलपति।
3. संकायाध्यक्ष (शैक्षिक)।
4. माननीय स्थानीय मंत्रीगण।
5. माननीय विद्यापरिषद सदस्यगण
6. माननीय स्थानीय सांसद।
7. माननीय स्थानीय विधान सभा सदस्यगण।
8. माननीय स्थानीय विधान परिषद सदस्यगण।
9. परीक्षा समिति सदस्यगण।
10. प्रवेश समिति सदस्यगण।
11. सहायक कुलसचिव, कुलपति कार्यालय,मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
12. अधीक्षक कुलसचिव, कुलसचिव के संज्ञानार्थ।
13. प्रभारी वेव साइट/प्रभारी ऐजेन्सी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेब साइट एवं समस्त महाविद्यालयों के कॉलेज लॉगिन पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
14. उक्त अधिसूचना के सन्दर्भ में पूर्व कुलपतिगण, शिक्षकगण, प्रबुद्व नागरिकों,शिक्षावदों से उनके बहुमूल्य सुझाव आमन्त्रित किये जाते है।

कुलसचिव

30/12/22

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश,

लखनऊ–226027

संख्याःई–   /32–जी0एस0/2022–XIV

दिनांकः   , दिसम्बर–2022

प्रेषक,

श्री राज्यपाल/कुलाधिपति की प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

कुलपति/निदेशक
उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान,
उत्तर प्रदेश।।

विषयः– **विश्वविद्यालय द्वारा अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार हेतु आगामी 10 वर्षो के लिये एक ''विजन डाक्यूमेंट'' तैयार किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में सूच्य है, कि राष्ट्रीय स्तर पर सभी विश्वविद्यालयों को विभिन्न क्षेत्रों में अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता एवं रैंकिंग सुधार हेतु सतत प्रयत्नशील रहना ही एक मात्र लक्ष्य है, इस हेतु सभी विश्वविद्यालयों/संस्थानों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में निरन्तर अपेक्षित प्रयास भी किये जा रहे हैं।

इस हेतु मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है, कि विश्वविद्यालयों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों/पाठ्यक्रमों में अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार एवं रैंकिंग सुधार हेतु आगामी 10 वर्षो के लिये एक ''विजन–डॉक्यूमेंट'' विभिन्न महत्वपूर्ण विन्दुओं/तथ्यों को छात्रहित में दृष्टिगत रखते हुये विश्वविद्यालय स्तर पर अविलम्ब तैयार किया जाये। विश्वविद्यालय स्तर पर अपनी कार्ययोजनाओं को लेकर अपना ''विजन डॉक्यूमेंट'' तैयार किये जाने से जहाँ एक ओर राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में अपेक्षाकृत सुधार होगा, वहीं दूसरी ओर विभिन्न स्तरों पर समाजिक लाभ के साथ साथ छात्र–छात्रायें भी लाभान्वित होंगे।

विजन डॉक्यूमेंट तैयार किये जाने हेतु विश्वविद्यालय स्तर पर निम्नलिखित प्रयास किये जायें:–

453
30/12/22

1– विश्वविद्यालय स्तर पर तैयार किये जाने वाले आगामी 10 वर्षो के लिये ''विजन डॉक्यूमेंट'' में विश्वविद्यालय को प्रत्येक क्षेत्र में उत्तरोत्तर प्रगतिशील रहने हेतु प्रत्येक वर्ष की कार्ययोजना तैयार करनी है, जिसमें उल्लिखित किया जाये कि आगामी दस वर्षो तक प्रत्येक वर्ष विश्वविद्यालय में क्या–क्या नवीन सुधारात्मक गतिविधियाँ/योजनायें संचालित की जायेंगी।

2— विश्वविद्यालय द्वारा आगामी दस वर्षो के लिये विजन डॉक्यूमेंट तैयार किये जाने हेतु स्थानीय स्तर पर, मा0 संसद सदस्य, मा0 मंत्री गण, मा0 विधान सभा सदस्यगण, मा0 विधान परिषद सदस्यगण एवं शिक्षाविदों से आवश्यक सुझाव प्राप्त कर, यथोचित सुझावों को सम्मिलित किया जाये।

3— उक्त हेतु पूर्व कुलपतिगण, पूर्व शिक्षकगण, प्रबुद्ध नागरिकों, शिक्षाविदों, कार्यपरिषद, विद्यापरिषद, अन्य समिति के सदस्यों, छात्रों की वर्कशाप आयोजित करके, अपेक्षित सार्थक प्रयास कर आवश्यक सुझाव प्राप्त किये जायें, जिसमें विश्वविद्यालय के शिक्षकों का भी प्रत्येक स्तर पर महत्वपूर्ण भूमिका में अपेक्षित सहयोग प्राप्त किया जाये।

उक्त परिप्रेक्ष्य में कृपया विश्वविद्यालय स्तर पर तदनुसार कार्यवाही करके आगामी दस वर्षो के लिये "विजन डॉक्यूमेंट" तैयार करके, इस सचिवालय को अविलम्ब प्रस्तुत किया जाये।

भवदीया,

(कल्पना अवस्थी)
कुलाधिपति की प्रमुख सचिव।